प्रेस नोट

ट्रैफिक पुलिस वाराणसी द्वारा चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान :-

आज दिनांक 13.08.2024 को यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गोदौलिया व मालवीय चौराहा पर नाटक नुक्कड़ व देश भक्ति गीतों के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न संस्थाओं के आये हुए बच्चों द्वारा यातायात नियमों से सम्बन्धित प्रस्तुतियाँ दी गयी। यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन करने से सम्बन्धित पम्पलेट व वाहन स्टीकर का वितरण कर विभिन्न वाहनों पर यातायात स्टीकर चस्पा किया गया। इस दौरान उप निरीक्षक नारायण सिंह द्वारा नाबालिकों बच्चों से वाहन चलावाने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं व पकड़े जाने पर अभिभावकों के विरूध्द दण्डातक कार्यवाही , गोल्डेन आवर , गुड सेमेरिटन ,ड्राईविंग लाईसेंस आदि के बारे में कार्यक्रम को देखने आये जनमानस को जानकारी दी गयी। दुर्घटना को कम करने के लिए समस्त वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व सीटबेल्ट लगाने हेतु प्रेरित किया गया। चालकों को निर्देशित किया गया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा वाहन को अपनी लेन में चलायेंगे।

इस दौरान यातायात निरीक्षक नन्दकिशोर मिश्रा, सर्किल प्रभारी भेलुपुर जितेन्द्र यादव, प्रभारी सर्किल दशाश्वमेध अभिनाश पटेल,यातायात उप निरीक्षक दूधनाथ व अन्य यातायात कर्मी के साथ होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

अपर पुलिस उपायुक्त ,यातायात
कमिश्नरेट- वाराणसी।